संख्या-171/2020/3706/26-3-2020-1(18)/2020

प्रेषक,

अशोक कुमार,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
जनजाति विकास
उ0प्र0 लखनऊ।

समाज कल्याण अनुभाग-3 लखनऊ: दिनांक 31 दिसम्बर 2020

विषय: **मा0 मुख्यमंत्री घोषणा के अन्तर्गत जनपद-चन्दौली में बालक एवं बालिका जनजाति छात्रावास के निर्माण हेतु कार्यदायी संस्था यू0पी0सी0एल0डी0एफ0 के स्थान पर यू0पी0 सिडको को नामित किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि मा0 मुख्यमंत्री घोषणा के अन्तर्गत महर्षि सेवा संस्थान, देवघाट, नौगढ़ जनपद-चन्दौली के परिसर में अनुसूचित जनजाति के **छात्र** हेतु 50 क्षमता के छात्रावास निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या-158/2020/3280/26-3-2020-1 (18)/2020, दिनांक-10.12.2020 द्वारा आगणित धनराशि रू0-250.00 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करते हुये प्रथम किश्त के रूप में धनराशि रू0-50.00 लाख निर्गत की गयी है। इसी प्रकार से अनुसूचित जनजाति की **छात्राओं** हेतु 50 क्षमता के छात्रावास निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या-159/2020/3446/26-3-2020-1(18)/2020, दिनांक-10.12.2020 द्वारा आगणित धनराशि रू0-250.00 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करते हुये प्रथम किश्त के रूप में धनराशि रू0-50.00 लाख निर्गत की गयी है एवं उक्त दोनों कार्यों हेतु कार्यदायी संस्था के रूप में यू0पी0सी0एल0डी0एफ को नामित किया गया है।

2- इस सम्बन्ध में शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरांत निर्णय लिया गया है कि उक्त कार्यों को कराये जाने हेतु कार्यदायी संस्था के रूप में यू0पी0सी0एल0डी0एफ0 के स्थान पर यू0पी0 सिडको को नामित किया जाता है।

कृपया उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

अशोक कुमार
विशेष सचिव ।

पृ0सं0-171/2020/3706 (1)/26-3-2020 तद्दिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार,(लेखा एवं हकदारी)प्रथम एवं द्वितीय उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार,(लेखा परीक्षा)प्रथम एंव द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
3- निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 इलाहाबाद।
4- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, उ0प्र0 लखनऊ।
5- जिलाधिकारी/जिला समाज कल्याण अधिकारी, चन्दौली।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.nic.in

6- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-4, उ0प्र0 शासन।
7- वित्त नियंत्रक, निदेशालय, जनजाति विकास, उ0प्र0 लखनऊ।
8- प्रबंध निदेशक, यू0पी0 सिडको, उ0प्र0 लखनऊ।
9- प्रबंध निदेशक, यू0पी0सी0एल0डी0एफ0, लखनऊ।
10- निदेशक, एन0आई0सी0।
11- गार्डफाइल।

आज्ञा से,

राकेश कुमार सचान
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।